फर्द अहकाम
अज अदालत संभागीय आयुक्त, जोधपुर
पारसमल पुत्र तलका जी बनाम राजस्थान राज्य

किस्म मुकदमा अन्तर्गत धारा 76 राज0 भू राजस्व अधिनियम अपील संख्या 115/2025

तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
27.1.2026	पत्रावली आज पेश हुई। अपीलान्ट के अधिवक्ता आज न्यायालय के समक्ष उपस्थित नहीं है। अपीलान्ट के अधिवक्ता को न्यायालय हाजा में सुनवाई हेतु उपस्थित होने बाबत तीन बार आवाजे लगवाई गई परन्तु न तो अपीलान्ट्स के अधिवक्ता उपस्थित हुए और न ही अपीलान्ट स्वयं उपस्थित है। ऐसे में उक्त अपील को और विचाराधीन रखा जाना उचित नहीं रहेगा। अतः उपरोक्त विचाराधीन अपील को अपीलान्ट्स के अधिवक्ता की अनुपस्थिति में अदम पैरवी एवं अदम हाजरी में खारिज की जाती है। पत्रावली बाद निस्तारण दर्ज रजिस्टर नम्बर से कम की जावें। अधीनस्थ न्यायालय का मूल रेकर्ड आदेशिका की प्रति सहित लौटाया जावें। सम्भागीय आयुक्त, जोधपुर	